जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सिवाच करेंगे।

कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

नरेन्द्र बंसल

रतिया/जनसंदेश न्यूज: राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई ने प्रथम एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रविन्द्र पुरी ने किया। प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को पराली न जलाने के लिए जागरूकता अभियान को निष्ठा पूर्वक सफल बनाने के लिए शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों को पराली नहीं जलाने के प्रति जागरूक करें। पराली का धुंआ हमारे वातावरण व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। डॉ. सीमा ने पराली के सुव्यवस्थित ढंग से समाधान के बारे स्वयंसेविकाओं को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई प्रभारी प्रो. सीमा सिरोही ने एनएसएस की नयी स्वयंसेविकाओं का परिचय देते हुए कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य और महत्व बताया। द्वितीय इकाई प्रभारी प्रियंका मेहरा ने एनएसएस के आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत करवाया।